सार-समाचार

नगरपरिषद में जनसुनवाई का आयोजन

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान परिवादीयों से प्राप्त प्रकरण जैसे पट्टा जारी करने,पेयजल समस्या का निस्तारण करने, सडक बनवाने,रोड लाईट लगवाने सहित लगभग 136 प्रकरण प्राप्त हुए जिन्हें संबंधित अधिकारियों को समय सीमा मे निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर बुधवार को नगरपरिषद में जनसुनवाई करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने पट्टा जारी करने,पेयजल व्यवस्था सुधारने,मोक्षधाम के लिए सड़क बनवाने,सीलिंग खोलने,लाइट्स कि व्यवस्था करने,टीचर लगाने, शहरी नरेगा का भुगतान करने,रोड लाइट लगाने, स्कूल की मरम्मत करवाने,विद्युत पोल हटाने, कलेक्ट्रेट सर्किल पर बने नाले की सफाई करवाने, सफाई कार्य और पानी की लाइन डलवाने, लीकेज ठीक करवाने,शौचालय चालू करवाने,आर्थिक सहायता दिलवाने,नाली निर्माण करने,सीमा ज्ञान करवाने,खुले हुए कुअें को ढकवाने,पीएम आवाा योजना में नाम जुडवाने सहित कुल 136 प्रकरण प्राप्त हुए जिन पर कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण कि सुनवाई करते हुए प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करते हुए परिवादीयों को राहत प्रदान करने के निर्देश प्रदान किये। जनसुनवाई के दौरान पार्षद रश्मि शुक्ला एवं बबलू शुक्ला ने मोक्ष धाम को जाने वाली सड़क कि स्थिति से अवगत कराते हुए मार्ग में सड़क की मरम्मत, पेच वर्क करवाने,साईनाथ खिड़कियां बाहर कि सड़क पर बहते गंदे पानी से आए दिन लोगों के चोटिल होने के साथ सड़क निर्माण कराने, करौली नगर परिषद क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करते हुए टूटी पाइपलाइन को बदलकर नई पाइपलाइन डालने एवं नियमित पेयजल सप्लाई कराये जाने,नवजात एवं कम उम्र के बच्चों के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार हेतु जमीन आवंटन करने कि मांग कि इसके अलावा पार्षद दीपक शाक्यवार के नेतृत्व में वार्ड 47 के लोगों नाहर सिंह माली,प्रहलाद माली आदि ने रणगमा ताल से बाया तीन दरवाजा,पशु चिकित्सालय मेला गेट के रास्ते में नाले के पानी की निकासी की समस्या रखी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, नगर परिषद आयुक्त करनी सिंह,विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता जोहरी लाल मीणा,पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता परशुराम वर्मा,उपखंड अधिकारी कौशल गर्ग,सहायक कलेक्टर धर्मेंद्र वर्मा,पुलिस उप अधीक्षक अनुज शुभम,आदि उपस्थित रहे।

बैंक शाखा पर लटका रहा ताला

करौली, (निसं)। करौली शहर स्थित बंधन बैंक पर बुधवार को तीसरे पहर तक ताला लटका रहने से उपभोक्ता परेशान हुए दोपहर 3:00 बजे बाद ही बैंक का ताला खुला। करौली शहर के गुलाब बाग स्थित बंधन बैंक के कार्मिकों में आपसी विवाद के चलते बुधवार को प्रात: बैंक समय से लेकर दोपहर 3:00 तक बैंक शाखा पर ताला लटका रहा और बैंक कर्मचारी गायब हो गए बैंक उपभोक्ता बैंक पर ताला लटका देखकर परेशान होकर वापस लौटने के लिए विवश हुए बैंक पर ताला लटका रहने कि दिनभर लोगों में तरह-तरह की चर्चा रही कहीं तो बैंक में फ्रॉड होने कि चर्चा रही तो कहीं बैंक कार्मिक के फ्रॉड होने कि चर्चा सुनी गई देखने लायक यह रहा कि बैंक अधिकारी,कर्मचारियों ने कोतवाली थाने पर भी सूचना दी जिस सूचना के चलते कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार मय पुलिस जाप्ता के गुलाब बाग स्थित बंधन बैंक पहुंचे जहां पर बैंक पर ताला लटका मिला और बैंक के अधिकारी कर्मचारी नदारद पाए गए थाना अधिकारी ने बैंक कर्मचारी,अधिकारीयो कि तलाश भी कि लेकिन एक भी अधिकारी,कर्मचारी मौके पर नहीं मिला इस मामले में बैंक प्रबंधक सुनील माथुर से जानकारी लेने पर उन्होंने जानकारी देने से मना करते हुए कहा कि यह बैंक कर्मचारियों का आपसी मामला था बस इतना कहकर उन्होंने कहा कि पूरी जानकारी हैड ऑफिस से ले सकते हो शाखा प्रबंधक के कहे अनुसार कलेक्टर हैड जयपुर सुभाष शर्मा से उनके मोबाइल पर जानकारी लेनी चाही मगर उन्होंने मोबाइल नहीं उठाया जिससे कोई बैंक बंद रहने के खास कारणो का खुलासा नहीं हो सका।

पुलिस अधीक्षक को हेलमेट भेंट किए

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर संचालित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को 40 हेलमेट भेट किए गए जिन्हें जरूरतमंद लोगों को वितरण किया जाएगा। करौली जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से नववर्ष में हेलमेट लगाओ संकल्प अभियान के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके चलते जिले भर में बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चला रहे लोगों के विरुद्ध चालान कि कार्यवाही कि जा रही है इसी कड़ी में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने भी पहल करते हुए 40 हेलमेट खरीद कर मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के कार्यालय पहुंचकर उन्हें भेंट किऐ इस अवसर पर समिति के करौली पदाधिकारी अनिल शर्मा अन्नू सदस्य योगेश जैन,विनोद जैन,प्रदीप जैन,पुष्पेंद्र शर्मा आदि लोग उपस्थित थे इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ने हेलमेट भेट करने के कार्य को सराहनीय बताते हुए समिति का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाने के बाद वाहन चालक पूरी तरह से सुरक्षित हो जाता है और दुर्घटनाओं में भी खासी कमी आएगी।

खुले नाले का विरोध

भरतपुर, (निसं)। अनाह गेट से होकर काली की बगीची के चौराहे तक डीपीआर में स्वीकृत कवर्ड नाले के स्थान पर अप्रत्यक्ष रूप से ठेका कम्पनी को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से खुले नाले के रूप में बदली गई डिजायन के विरोध में बुधवार तीसरे दिन जन जागरण अभियान के तहत मानव भारती स्कूल के चौराहे पर स्थानीय आम नागरिकों की एक बैठक यदुनाथ दारापुरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्थानीय नागरिकों के द्वारा बनने वाले खुले नाले का विरोध प्रकट किया गया। बैठक में बोलते हुये राजवीर चौधरी ने कहा कि अनाह गेट से लेकर काली की बगीची तक आबादी के बीचों बीच कच्ची खाई में निर्मित होने वाला खुला नाला स्थानीय आम जनता के लिये अभिशाप साबित होगा। जिसके चलते नाले के आस पास बसे हुये लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने के साथ-साथ बीमारी का कारण एवं बीमारी पैदा करने वाले मच्छरों के प्रकोप का मुख्य कारण बनेगा, उन्होंने बताया कि इस खुले नाले का पानी आगे कवर्ड नाले में गन्दगी जमा होने पर भविष्य में जल प्लावन की स्थिति पैदा होगी। बैठक में श्रीराम न्यौठा, निर्भय सिंह, मंगल सिंह एवं पटवारी, प्रेम सिंह गुर्जर, लखन सिंह, हुकम प्रजापत, प्रेम प्रजापत, लड्डू, विनोद, शीलू, रज्जी, विजय मिस्त्री, बनिया प्रजापत, पार्वती, लक्ष्मी, मुन्नी, कमलेश, रूग्गी, संजू, प्रेमवती आदि उपस्थित रहे। संचालन भगवान सिंह चाहर ने किया।

शिविर का आयोजन आज

करौली, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि जिले में ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर का आयोजन 9 जनवरी, गुरूवार को जिले के समस्त ब्लॉक में प्रात: 10'00 बजे से सांय 4:30 बजे तक किया जायेगा।उन्होंने इस संबंध में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी नियुक्त कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किये है।

बैठक 20 जनवरी को

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया है कि 20 जनवरी, सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार करौली में प्रात: 11:00 बजे से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यान्वयन की निगरानी हेतु जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

भरतपुर में शिक्षकों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

■ महाविद्यालयी शिक्षकों की मांगों को लेकर रुक्टा ने उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ (रुक्टा) ने उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा व आयुक्त, कॉलेज शिक्षा ओमप्रकाश बैरवा को ज्ञापन भेजकर प्रदेश के महाविद्यालयीन शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की है।

रुक्टा के प्रदेश महामंत्री प्रोफेसर बनय सिंह ने बताया कि ज्ञापन में सातवें वेतनमान का 1 जनवरी, 2016 से 31 दिसम्बर; 2016 तक के बकाया एरियर राशि का भुगतान, पुरानी पेंशन योजना को बरकरार रखा जाना; स्पष्ट एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति का निर्धारण करने; राजसेस योजना में संचालित 340 महाविद्यालयों को सरकारी योजना में परिवर्तित किये जाने, शेष 242 सह आचार्यों को करियर एडवांसमेंट योजना का वास्तविक लाभ उनकी पात्रता तिथि से दिये जाने; संभाग स्तर पर संयुक्त निदेशक का पद सृजित किये जाने की मांग की गयी है। साथ ही डॉ सिंह ने बताया कि यूजीसी रेगुलेशन अनुरूप ओरिएंटेशन व रिफ्रेशर कोर्स की छूट अवधि को 31 दिसंबर 2023 तक बढ़ाने; सीएएस के तहत सीनियर स्केल, सिलेक्शन स्केल, पे बैण्ड 4, के प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने; प्रोफेसर व 400 से अधिक रिक्त प्राचार्य पद के लिए होने वाली विभागीय पदोन्नित नियत समय पर कराये जाने, अधिवार्षिकी आयु 65 वर्ष करने जैसी अनेक मांग की हैं। रुक्टा अध्यक्ष प्रोफेसर रघुराज परिहार ने इस बात पर जोर दिया है कि नई शिक्षा नीति लागू किए जाने के बाद महाविद्यालय में वर्ष पर्यंत सेमिस्टर सिस्टम की क्रियान्वयन हेतु विद्यासंबल योजना को नियमित रखे जाने, संविदा व्याख्याताओं को समस्त परिलाभ प्रदत्त करने तथा आरवीआरईएस पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक शिक्षकों को सीएएस के समस्त परिलाभ अविलंब पूरे करने; एम फिल, पीएचडी की वेतन वृद्धि पुन: लागू करने; निजी महाविद्यालयों के शिक्षकों को यूजीसी अनुरूप न्यूनतम वेतन निर्धारण जैसी इत्यादि समस्याओं के निराकरण की मांग की गयी है।

बाइक चालकों को हेलमेट लगाने की दी नसीहत

करौली, (निसं)। दोपहिया वाहन सवारों के हेलमेट लगाना अनिवार्य करने के बाद पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इस दौरान बिना हेलमेट लगाए मिलने वाले वाहन सवारों को हाथों-हाथ हेलमेट खरीदवा कर आगे से पहन कर वाहन चलाने की नसीहत दी। साथ ही कुछ वाहन सवारों के चालान काटे गए।

अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकक गुमानाराम ने पुरानी कलेक्ट्रेट चैराहे पर आमजन से समझाइश कर मोटरसाईकिल चलाते समय हेलमेट लगाने कि अपील की। साथ ही बिना हेलमेट लगाए मिलने वाले वाहन सवारों को हाथों-हाथ हेलमेट खरीदवा कर आगे से पहन कर वाहन चलाने की नसीहत दी। साथ ही कुछ वाहन सवारों के चालान काटने की भी कार्यवाही की गई। गौरतलब है कि 1जनवरी से जिले में दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए पुलिस द्वारा सख्ती भी दिख रही है। जिले में जगह-जगह चैक पॉइंट बनाकर वाहनों कि जांच कि जा रही है। हेलमेट अनिवार्य करने से पूर्व दिसंबर महीने में पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया था। 1 1 जनवरी से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान अधिकतर मोटरसाईकिल चालक हेलमेट पहने नजर आते हैं। हालांकि अभी भी कुछ लोग लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते नजर आते हैं। ऐसे लोगों को यातायात नियमों कि पालना और हेलमेट लगाकर मोटरसाईकिल चलाने के प्रति पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत पंपलेट वितरण, जन जागरूकता कार्यक्रम और समझाइश का भी दौर जारी है।

सुभाष गर्ग दो दिवसीय दौरे पर

भरतपुर, (निसं)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग बधुवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर आये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर क्षेत्रीय समस्याओं को जानकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गगउन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर राजनैतिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की। डॉ गर्ग ने विधानसभा क्षेत्र के गांव घना जाटौली, नगला बरताई, खैमरा खुर्द, घुस्यारी, चक उंदरा, कारौठ, बिलौठी, बछामदी, नगला बिलौठी सहित शहरी क्षेत्र का दौरा किया तथा ग्रामीण व शहरी समस्याओं को जानकार अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये।

बैठक आयोजित

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर पाइप टेडर्स यूनियन की एक मीटिंग खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित की गई। मीटिंग में सर्व सम्मति से मुकेश गोयल बृजवासी को अध्यक्ष, यज्ञ दत्त शर्मा को महामंत्री तथा अमित अठावाल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

मीटिंग में यूनियन को पुर्नसंगठित करने हेतु उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार रखे। जिसमें होली मिलन समारोह परिवार सहित मनाने तथा तीन जनरल मीटिंग प्रतिवर्ष करना तय किया गया तथा एक प्रोठाम वार्षिक भ्रमण का भी रखा गया। मीटिंग का समापन सहभोज के साथ सम्पन्न हुआ।

50 सदस्यीय अन्तरजिला भ्रमण दल रवाना

भरतपुर, (निसं)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत जिले के जन प्रतिनिधियों, कार्मिकों का 4 दिवसीय अन्तरजिला भ्रमण के तहत 50 सदस्यीय दल को जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने कलैक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया। पंचायत राज विभाग द्वारा ग्राम स्वराज अभियान में एक्सपोजर विजिट के तहत 50 जन प्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों का दल उदयपुर क्षेत्र में पंचायत राज व्यवस्था ग्रामीण विकास के आयामों का अवलोकन करेगा। जिला कलक्टर ने कहा कि एक्सपोजर विजिट में जाने वाले सभी जनप्रतिनिधि, कार्मिक उदयपुर में ठामीण विकास व पंचायत राज में किए जा रहे नवाचार एवंज न भागीदारी से किए गए कार्यों का अवलोकन कर उनसे प्रेरणा लें। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को आव्हान किया कि वे टीम भावना के साथ विजिट के दौरान सहभागी रहें। उइस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, एसीओ जिला परिषद विनय मित्र, पंचायत राज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। एक्सपोजर विजिट दल दो बसों में रवाना हुआ।

सार-समाचार

बच्चों को बांटी जर्सियां

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खूंटला में भामाशाह के सहयोग से बुधवार को जर्सी वितरण कार्यक्रय आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 1 से 12 तक के 600 बच्चों को जर्सी वितरित की गई। कडाके की सर्दी में बच्चे जर्सी पाकर खुश दिखाई दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवीलाल मीणा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक गंगापुर सिटी, रूपसिंह मीणा, विशिष्ट अतिथि नेमीचंद मीणा सरपंच और मोहनलाल बैरवा अध्यक्ष ग्राम सेवा सहकारी समिति उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रिंसिपल झंडूलाल मीणा ने सभी आगंतुक अतिथियों का परिचय देते हुए सभी का अभिनंदन किया। इस दौरान खूंटला गांव के स्थानीय निवासी लक्ष्मीनारायण बैरवा पुत्र भौरीलाल बैरवा द्वारा ग्राम पंचायत खूंटला सलोना के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 600जर्सी वितरित की गई। कडाके की सर्दी में बच्चे भी जर्सी पाकर खुश दिखाई दिए। जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा ने भामाशाह के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चों को सर्दी से राहत मिलेगी। साथ ही ऐसे कार्य के लिए दूसरों को भी प्रेरणा मिलेगी। ऐसे समाजसेवा के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। प्रिंसिपल झंडूलाल मीणा ने भामाशाह लक्ष्मी नारायण बैरवा के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए सभी ग्राम वासियों को भी विद्यालय के प्रति इसी तरह भामाशाह बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, एसडीएमसी व एसएमसी के सदस्य, ग्रामवासी, उप प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ के अलावा काफी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

करंट से किसान की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। सपोटरा थाना क्षेत्र के नारौली डांग गांव में बुधवार सुबह खेत में सिंचाई करते हुए करंट लगने से एक किसान गंभीर रूप से झुलस गया। घटना का पता चलने पर परिजन घायल किसान को तत्काल गंगापुर सिटी गवर्नमेंट हॉस्पीटल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नारौली डांग गांव निवासी सुरेशचंद पुत्र लल्लूराम मीणा (35) बुधवार सुबह 11 बजे अपने खेत में सिंचाई कर रहा था। खेत में होकर ऊपर से 11 केवी लाइन भी गुजर रही है। इसी दौरान अचानक सुरेशचंद करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। उसके कपडे भी जल गए। ?परिजन घटना पता चलने पर उसे गंगापुर सिटी गवर्नमेंट हॉस्पीटल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव को हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। परिजनों की सहमति के बाद पुलिस ने मेडिकल पोस्टमॉर्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। परिजन मृतक के बडे भाई रमेशचंद ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया कि कई बार बिजली की हाइटेंशन लाइन की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और इसी कारण यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि सुरेशचंद की वर्ष 2०1० में शादी हुई थी और मृतक के एक लडका व एक लडकी है।

कड़ाके की सर्दी, लोग परेशान

गंगापुर सिटी, (निसं)। गंगापुर सिटी मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में मौसम का मिजाज पूरी तरह से गडबडा गया है। यहां पिछले 2 दिनों से न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पर स्थिर बना हुआ है, ऐसे में अब कडाके की सर्दी सितम कर रही है। सर्दी के कारण लोगों का हाल बेहाल है, वहीं बुधवार को दूसरे दिन जाकर दोपहर को सूरज दिखाई देने पर लोगों को राहत मिली। गौरतलब है कि उत्तरी भारत के कई हिस्सों में इन दिनों बर्फबारी हो रही है, साथ ही वेस्टर्न डिस्टरबेंस से मौसम बिगड रहा है। इसका असर देश के अन्य राज्यों की तरह राजस्थान पर भी दिखाई दे रहा है। एक ओर उत्तरी क्षेत्र में बर्फबारी और दूसरी ओर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते प्रदेश के अन्य जिलों की तरह गंगापुर सिटी सहित आसपास के क्षेत्र में कडाके की सर्दी पड रही है। बुधवार सुबह के समय घना कोहरा देखने को मिला, साथ ही सर्द हवाएं चलती रही। दो दिनों से कोहरे व धुंध के साथ ओस का असर गहरा गया है। दोपहर 1:30० बजे बाद सूरज दिखाई दिया, लेकिन सर्दी के कारण सूरज का तेज भी निस्तेज दिखाई दिया। कोहरे के कारण लोगों को थोडी दूर पर भी कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। विजिबिलिटी भी 30 मीटर से कम रही, और विजिबिलिटी काफी कम होने के कारण वाहन चालकों को काफी समस्या हुई और उन्हें लाइट जलानी पडी।

अन्नकूट व पौष बड़ा महोत्सव की रही धूम

■ अन्नकूट महोत्सव, पौष बड़ा व छप्पन भोग कार्यक्रमों का विशेष धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व बताया

बयाना, (निसं)। ठिठुरती सर्दी और पौष के महीने में बुधवार को अन्न कूट व पौष बड़ा महोत्सव आदि धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। बयाना के रीको औद्योगिक क्षेत्र के हनुमान मंदिर में रीको संघ की ओर से दो दिन से चल रहे सुंदर काण्ड पाठ, फूल बंगला झांकी व छप्पन भोग झांकी सजावट एवं हवन यज्ञ भजन कीर्तन आदि कार्यक्रमों के पश्चात आज बुधवार को विशाल अन्न कूट महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं एवं महिलाओं व बच्चों आदि ने भोजन प्रसादी पाई।

रीको संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह सूपा ने बताया कि यह आयोजन यहां प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस आयोजन में रीको संघ के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित सभी सदस्य आदि अपना योगदान देते हैं। अग्रवाल पंचायती मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव व धार्मिक झांकी सजावट आदि कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें शीत ऋतु के मौसम में लोगों को गरमा गरम पकोड़े व माल पुआ आदि पकवान वितरित किए गए। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता ने बताया कि ायोजन मंदिर में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। शीत ऋतु के मौसम में अन्नकूट महोत्सव व पौष बड़ा एवं छप्पन भोग कार्यक्रम का विशेष धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व बताया गया।

बैडमिंटन अंडर-15 आयु वर्ग के एकल में वंश शर्मा विजेता

■ बैडमिंटन लीग प्रतियोगिता का समापन

हिण्डौन सिटी, (निसं)। रामद्वारा बैडमिंटन क्लब हिन्डौन सिटी द्वारा 3 जनवरी से आयोजित की जा रही हिन्डौन बैडमिंटन लीग 2025 का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में जीत के लिए खिलाड़ियों ने ख़ूब पसीना बहाया।

प्रतियोगिता के संयोजक सोमनाथ शर्मा व क्लब के अध्यक्ष निहाल सिंह धाकड़ ने बताया कि मंगलवार देर शाम हुए विभिन्न कैटेगरीज के फाइनल मुकाबलों में अंडर-15 आयु वर्ग के एकल में वंश शर्मा विजेता व जतिन धाकड़ उपविजेता रहे वंही अंडर -15 डबल्स में वंश शर्मा व जतिन धाकड़ की जोड़ी ने प्रिंस मीणा व यस मीणा को हराया। अंडर-19 एकल वर्ग में विजेता अनुज जादौन और उपविजेता निष्ठा डागुर रहे और अंडर-19 युगल में अनुज जादौन व आशीष हरसाना विजेता रहे। 19 से 35 आयु वर्ग ठ्ठप में एकल विजेता निखिल गुप्ता और उपविजेता देवकीनंदन जायसवाल (धौलपुर) रहे और युगल विजेता देवकीनंदन जायसवाल व धर्म सिंह और उपविजेता निखिल गुप्ता व गौरव गुप्ता (महवा) रहें। 35 से 50 आयु वर्ग युगल मुकाबले में विजेता सोनू शर्मा व राजीव गोयल और उपविजेता कपिल शर्मा व नितेश पाल करौली से रहे। वंही 35 से 50 आयु वर्ग के एकल मुकाबले में संयुक्त विजेता सोमनाथ शर्मा व राजीव गोयल रहें। आज प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन भगवान सहाय शर्मा ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया। चैयरमेन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक जीत से कोई सिकंदर नहीं बनता, हार से खिलाड़ी निराश ना हों, अगली बार बेहतर तैयारी करें। उन्होंने रामद्वारा बैडमिंटन क्लब द्वारा संचालित एकेडमी की भी प्रशंसा की जो प्रतिभाओं को निखारने में लगातार मेहनत कर रही है और मंच प्रदान कर रहे हैं। समापन समारोह में सुश्री मेहा पाठक द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन आरजे राजेन्द्र जांगिड़ ने किया।समापन कार्यक्रम में रामद्वारा बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष निहाल सिंह धाकड़, सचिव ओमप्रकाश धाकड़, कोषाध्यक्ष देवेंद्र जांगिड़, प्रतियोगिता संयोजक सोमनाथ शर्मा, राजीव गोयल, वेदरत्न जैमिनी, राजेश, कृष्ण बिहारी पाठक, वार्ड पार्षद केशू हरसाना सहित महिलाएं व पुरुष और खिलाड़ी मौजूद रहे।

आम सूचना

आम जन को सूचित किया जाता है कि रामेश्वर प्रसाद गुप्ता पुत्र नाथूलाल जाति महाजन निवासी दयाल नगर गंगापुर सिटी वार्ड नं. 3 की मृत्यु दिनांक 4.3.2021 को हो चुकी है। मृतक रामेश्वर के वारिसान उर्मिला देवी (पत्नी), विकाश अग्रवाल, विजयगुप्ता (पुत्र), भावना अग्रवाल, आरती अग्रवाल, सपना अग्रवाल (पुत्री) है। इनके अलावा कोई दीगर विधिक वारिसान नहीं है। इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो तहसीलदार गंगापुर सिटी के यहाँ 7 दिवस में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

रामब्रज नेशनल रेफरी बने

हिण्डौन सिटी, (निसं)। इंडिया ताइक्वांडो द्वारा आयोजित गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर, पंजाब में 3 से 5 जनवरी तक नेशनल रैफरी सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें करौली जिले के रामब्रज गुर्जर ने भी भाग लिया और रामब्रज ने प्रमाणित ताइक्वांडो रेफरी बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

रामब्रज ने बताया कि मैं हमेशा से रेफरी बनने की कला से मोहित रहा हूँ, एक रेफरी के रूप में, मैं पसंदीदा खेल में योगदान दे सकता हूँ।